नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

गांधी युवा राष्ट्रीय शिविर में हिंदी विवि की सहभागिता

वर्धा, 067 फरवरी, 2017 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के विकास एवं शांति अध्ययन विभाग के छात्रों ने मुंबई स्थित बिरला, आर्ट साइंस एण्ड कॉमर्स कॉलेज कल्याण में यू.जी.सी. द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय गांधी युवाशिविर में सहभागिता की। शिविर में विभागाध्यक्ष डॉ. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी भी संदर्भ व्यक्ति के तौर पर उपस्थित थे।

विकास एवं शांति अध्ययन विभाग के छात्र अरुण कुमार, सुनील राम (पी-एच.डी.) अमित कुमार, संदेश उमाले तथा रविन्द्र सलाम (एम.ए.) ने 30 जनवरी से 2 फरवरी 2017 तक चले इस राष्ट्रीय कैम्प में संपूर्ण भागीदारी

की। उन्होंने व्यक्तित्व विकास, भाषण स्पर्धा, निबंध लेखन आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सेदारी की तथा देश भर से आए प्रतिभागियों का ध्यान अपनी ओर खींचा। विवेकानंद के जीवन पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में सभी छात्रों द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर सहभागिता की गई।

इन विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा संकलित नाटक 'कहाँ गये गाँधी' का भी सफल मंचन किया जिसे देश भर से आये विभिन्न प्रतिभागियों ने खूब सराहा।

कैम्प में संदर्भ व्यक्ति के तौर पर आमंत्रित विभागाध्यक्ष डॉ. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी ने कैम्प में शामिल विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वर्तमान संदर्भों में गाँधी जी के विचारों की प्रासंगिकता नये सिरे से बढ़ी है। समूची दुनिया आज गाँधीजी के सिध्दातों को अपनाने की ओर बढ़ रही है, ऐसे में 'गाँधी विचार' 'कल आज और कल' जैसे विषय पर आयोजित युवा कैम्प की सार्थकता स्वतः सिद्ध है।

इस युवा कैम्प में गुजरात, बिहार, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, तेलंगाना, प्रदेशों से लगभग 200 स्वयंसेवकों ने अपनी भागीदारी की।